# गौवंश हत्या प्रकरण में अब तक 7 आरोपी गिरफ्तार

**पोकरण**, (नि.सं.)। जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर अभिषेक शिवहरे के निर्देशन में पुलिस थाना पोकरण द्वारा गौवंश हत्या के गंभीर प्रकरण में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई करते हुए ईनामी वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकरण में अब तक कुल 7 मुल्जिमानों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि शेष आरोपियों से संबंधित विस्तृत अनुसंधान जारी है।

पुलिस के अनुसार 8 जनवरी 2026 को प्रार्थी राजूसिंह पुत्र डूंगरसिंह राजपूत, निवासी बिलिया द्वारा पुलिस थाना पोकरण में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि अज्ञात बदमाशों ने 07 जनवरी 2026 की रात्रि को एक बैल की निर्मम हत्या कर दी। इस रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार प्रवीण कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोकरण के निर्देशन तथा भवानीसिंह, वृताधिकारी वृत पोकरण के सुपरविजन में पुलिस टीम गठित की गई। थानाधिकारी भारतसिंह रावत (नि.पु.) एवं महादेव गोदारा (उनि.), प्रभारी डीएसटी को शेष आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए।

पुलिस टीम ने आसूचना संकलन के दौरान हैड कांस्टेबल मोहनलाल की विशेष सूचना पर प्रकरण में वांछित 5-5 हजार के ईनामी अभियुक्त याकूब उर्फ आला एवं इमरान खां उर्फ बोला को दस्तयाब किया। गिरफ्तारी के दौरान दोनों अभियुक्तों ने भागने का प्रयास किया, जिस पर मोटरसाइकिल फिसलने से याकूब उर्फ आला के पैर में फ्रैक्चर हो गया। उसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं इमरान उर्फ बोला को उपचार के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार याकूब उर्फ आला को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त इमरान उर्फ बोला पुत्र रफीक, उम्र 19 वर्ष, निवासी वार्ड संख्या 1, सिपाहियों का मोहल्ला, पोकरण है।

पुलिस टीम में भारतसिंह रावत (थानाधिकारी), बगडूराम (उनि.), प्रवीणसिंह (सउनि.), हैड कांस्टेबल मोहनलाल (विशेष भूमिका), रुपाराम, रामसिंह, कांस्टेबल बुधाराम, भीमराव, दीपक कुमार, हमीरसिंह, लोकेशकुमार एवं श्रीमती पारसी माकानी शामिल रहे।

वहीं इससे पूर्व पोकरण क्षेत्र में गौ हत्या और अवैध बूचडखानों से जुडे मामले में पुलिस को बडी सफलता हाथ लगी है।

पुलिस ने इस जघन्य गौ हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त आला उर्फ याकूब (आलम खान) सहित एक अन्य आरोपी इमरान को गिरफ्तार किया है।

पोकरण पुलिस को यह कामयाबी पोकरण से कुछ ही दूरी पर मिली, जहां दोनों आरोपी पुलिस को देखकर फरार होने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस टीम ने आरोपियों का काफी लंबी दूरी तक पैदल पीछा किया, जिसके बाद दोनों को दबोच लिया गया। भागने के दौरान दोनों आरोपी घायल हो गए। घायल अवस्था में दोनों आरोपियों को पोकरण जिला अस्पताल लाया गया। जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। हालत गंभीर होने के चलते मुख्य अभियुक्त आलम खान को हायर सेंटर जैसलमेर रेफर किया गया, जबकि इमरान का उपचार पोकरण जिला अस्पताल में जारी है।

आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पोकरण का जिला अस्पताल पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। अस्पताल परिसर और आसपास के क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इस कार्रवाई को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा पोकरण थानाधिकारी भारत रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम को यह बडी सफलता मिली है। अब तक की जांच में पुलिस द्वारा की गई यह कार्रवाई गौ हत्या प्रकरण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

## आपदा प्रबंधन की तैयारी पर चर्चा

**पाली**,(नि.सं.)। जिला कलैक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार गुरूवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग ओम प्रभा की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में उन्होंने संभावित प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए पुलिस, चिकित्सा, नगर निगम, जलदाय, सार्वजनिक निर्माण विभाग, मेडिकल कॉलेज, शिक्षा विभाग समेत अन्य विभागों की तैयारियों को लेकर की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी विभागों को आपदा प्रबंधन योजना के अनुसार आवश्यक संसाधनों, उपकरणों एवं मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कंट्रोल रूम, संचार व्यवस्था, राहत एवं बचाव दल, स्वास्थ्य सेवाओं तथा आश्रय स्थलों की व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। साथ ही आपसी समन्वय एवं त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर जलदाय, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा, पुलिस, मेडिकल कॉलेज, शिक्षा आदि विभागों के लोग मौजूद रहे।

## विधायक छोटूसिंह भाटी ने नेत्र ऑपरेशन यूनिट का शुभारंभ किया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। श्री जवाहर चिकित्सालय जैसलमेर में आंखों के ऑपरेशन के लिए आवश्यक संसाधनों से परिपूर्ण नेत्र यूनिट का विधिवत शुभारंभ जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी द्वारा गुरुवार को किया गय।

नेत्र यूनिट में नेत्रों के ऑपरेशन संबंधी संसाधनों की उपलब्धता होने और नेत्र रोगियों के ऑपरेशन होने पर खुशी जाहिर करते हुए विधायक भाटी ने कहा कि इससे जिले के नेत्र रोगियों की स्वास्थ्य समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा, नेत्र रोगियों के लिए नेत्र यूनिट वरदान साबित होगा। नेत्र रोगियों को आंखों के इलाज के लिए बाहरी क्षेत्रों में नहीं जाना पडेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार पालीवाल तथा प्रमुख चिकित्सा अधिकारी जैसलमेर डॉ रवींद्र सांखला ने भी नेत्र यूनिट के प्रारंभ होने पर खुशी जाहिर की तथा नेत्र रोगियों से अपील की कि वे अपनी नेत्र संबंधी जांच व उपचार के लिए नेत्र यूनिट में आकर अपना निशुल्क इलाज करावे। पीएमओ डॉ सांखला ने बताया कि नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव जोशी द्वारा अब नियमित रूप से नेत्र ऑपरेशन किये जाएंगे। डॉ सांखला बताया कि नेत्र विभाग के स्वरूप को सुधार कर नेत्र ऑपरेशन शुरू करने के लिए अति आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गौरव जोशी ने बताया कि नेत्र यूनिट में मुख्यतः मोतियाबिंद, बढ़े हुए मास, पलकों की गाँठ, पलकों के घूम जाने संबंधी का इलाज प्रारंभ किया गया है। नेत्र मिनट के शुभारंभ के अवसर पर जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निखिल शर्मा एवं चिकित्सा विभाग के कार्मिक भी उपस्थित थे।

## पिकअप की चपेट से मासूम की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के निकटवर्ती करवड़ स्थित खारडा गांव में हुए हादसे में ढाई साल के मासूम की जान चली गई। परिवार के लोगों से पिकअप का चालक सरसों खरीदने के बाद गाड़ी लोड कर निकल रहा था, तब हादसा हुआ। बच्चें की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है।

करवड़ थाने के हैडकांस्टेबल रामकेश ने बताया कि खारडा निवासी चंपाराम पुत्र जवाहराराम प्रजापत के पोते ढाई साल के मोतीराम की इसमें मौत हो गई। घटना के अनुसार किरमसरिया गांव का हरिश चंपाराम के यहां पर सरसों की खरीद करने आया था। सरसों को लोड कर बाद में वह पिकअप गाड़ी से निकल रहा था तब गेट के आगे ही ढाइ साल का मोतीराम खेलते हुए चपेट में आ गया। परिवार को भी इसका पता नहीं चला। बाद में उसे तत्काल बावड़ी चिकित्सालय ले जाया गया, मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। घटना को लेकर मृतक के दादा चंपाराम ने रिपोर्ट दी है। शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया गया है।

## खड़ी कार को दूसरी कार ने मारी टक्कर गुजराती महिला भावना की मौत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर-जोधपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-11 पर लाठी थाना क्षेत्र के खेतोलाई गांव के पास गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हाईवे पर खड़ी एक कार को पीछे से आ रही दूसरी तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी।

इस भीषण भिड़ंत में गुजरात निवासी महिला भावना की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों कारें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

हादसे के बाद वहां से गुजर रही सेना की गाडी ने सभी घायलों को पोकरण हॉस्पिटल पहुंचाया जहां घायलों का इलाज जारी है। वहीं टक्कर मारने वाली कार का ड्राइवर कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। लाठी थाना पुलिस हादसे के कारणों की पड़ताल कर रही है।

जानकारी के अनुसार, गुजरात के पंचमहाल (हालोल) निवासी जगदीश भाई का परिवार बाबा रामदेवरा के दर्शन करने के बाद कार में सवार होकर जैसलमेर घूमने जा रहा था। खेतोलाई गांव से करीब दो किलोमीटर पहले बच्चों को उल्टी होने की शिकायत हुई। उन्होंने कार को सड़क किनारे लगाया। उनकी कार हाईवे के किनारे खड़ी थी, तभी पीछे से आ रही एक तेज गति कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई।

हादसे के दौरान वहां से गुजर रही सेना की गाडी ने अपनी गाडी रोकी। मौके पर पहुंची भारतीय सेना के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तुरंत पोकरण के राजकीय हॉस्पिटल पहुंचाया। हॉस्पिटल में डॉक्टरों की टीम ने 35 वर्षीय भावना बेन पत्नी जगदीश भाई को मृत घोषित कर दिया।

वहीं, हादसे में घायल तीन मासूमों कामिनी उर्फ सोनू (12) पुत्री मुकेश भाई,नेतिक (10)पुत्र जगदीश भाई जेविक (8)पुत्र जगदीश भाई का इलाज जारी है।

## हिन्दू सम्मेलन 17-18 को

**सायला**, (निसं)। आगामी 17 एवं 18 जनवरी को प्रस्तावित हिन्दू सम्मेलन की तैयारियाँ अंतिम चरण में पहुँच गई हैं। वहीं सम्मेलन में क्षेत्र के प्रख्यात संत-महात्माओं के पावन सानिध्य की पुष्टि के बाद धार्मिक उत्साह का वातावरण और प्रगाढ हो गया है।

आयोजन समिति के प्रतिनिधियों ने क्षेत्र के प्रमुख मठों व आश्रमों में पहुँचकर संतों से औपचारिक भेंट की और सम्मेलन में पहुंचने का आग्रह किया। इस क्रम में भांडवपुर के जैनाचार्य जयरत्नसूरी महाराज, गोल मठ के महंत आशाभारती महाराज, दुदेश्वर मठ सायला के सेवा भारती महाराज, केशवना मठ के दुर्गाराम महाराज, धनानी मठ के गोपाल भारती, वालेरा मठ के पारस भारती तथा मोकणी मठ के भोपाल भारती महाराज सहित अनेक संतों को निमंत्रण सौंपा गया। सभी संतों ने सम्मेलन के उद्देश्य की सराहना करते हुए आयोजन के प्रति शुभकामनाएँ व्यक्त की एवं कार्यक्रम में सानिध्य प्रदान करने की सहमति जताई। समिति पदाधिकारियों के अनुसार सम्मेलन में अन्य प्रतिष्ठित संतों के भी आने की संभावना है, जिनसे संपर्क जारी है।

आयोजन समिति ने बताया कि हिन्दू सम्मेलन का मूल उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कृति और राष्ट्र भाव को सुदृढ करना तथा नई पीढी को भारतीय मूल्य एवं जीवनशैली से जोडना है। सम्मेलन के दौरान संतों के आशीर्वचन, प्रवचन, मार्गदर्शन एवं विचारों के माध्यम से आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक चेतना का व्यापक संदेश प्रसारित होगा। समिति सदस्यों के अनुसार सम्मेलन सामाजिक समरसता एवं संगठन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा। हिन्दू सम्मेलन को लेकर सायला सहित आसपास के कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। आयोजन समिति की ओर से गांवों, धार्मिक स्थलों, संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों से सहयोग की अपील की जा रही है। समिति ने बताया कि बड़ी संख्या में आमजन, युवा और महिला वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सम्मेलन स्थल पर मंच, बैठक व्यवस्था, अलंकरण, प्रकाश-ध्वनि व्यवस्था, सुरक्षा, पार्किंग, स्वागत व प्रबंध व्यवस्था आदि को लेकर तैयारियाँ जोरशोर से जारी हैं। टोलियों में शामिल युवा एवं स्वयंसेवक प्रशांत रावल, सुनील छीपा, दुष्यंत लखारा, चंपालाल छीपा, गौतम कुमार ने घर घर जाकर लोगो को आमंत्रित किया। घर-घर आमंत्रण पत्रक वितरित किए गए।

## जोधपुर में सम्मानित किया

**जोधपुर**, (कासं)। भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य के प्रतीक 78 वें सेना दिवस के अवसर पर जोधपुर में पूर्व सैनिकों और चिकित्सा कर्मियों की सेवाओं को विशेष सम्मान दिया गया है। 15 जनवरी को सेना दिवस के मौके पर जोधपुर स्थित पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना पॉलीक्लिनिक में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस दौरान पॉलीक्लिनिक के प्रभारी अधिकारी ग्रुप कैप्टन (से.नि.) राकेश नंदा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस साल सेना दिवस की थीम आधुनिकीकरण और राष्ट्र प्रथम के संकल्प पर केंद्रित रही, जिसे इन कर्मचारियों ने अपनी सेवाओं के जरिए चरितार्थ किया है। ग्रुप कैप्टन राकेश नंदा ने सम्मानित होने वाले कार्मिकों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की।

## साहित्य संगम की काव्य गोष्ठी आयोजित

**जोधपुर**, (कासं)। शहर की सबसे पुरानी साहित्यिक संस्था 'साहित्य संगम' की ओर से रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित सेठ श्री रघुनाथ दास परिहार धर्मशाला के सभागार में आयोजित मासिक काव्य गोष्ठी में शहर के प्रतिष्ठित कवियों ने रचनाओं की प्रस्तुति देकर इंसानी जीवन, समाज और देश दुनिया में बदलाव की उम्मीद जगाई। संस्था के अध्यक्ष इंदीवर परिहार ने बताया कि गोष्ठी में नामवर शाइर और कहानीकार हबीब कैफ़ी ने मुहब्बत को परिभाषित करती गजल 'इश्क जिसका उसूल होता है, हाथ में उसके फूल होता है', कवयित्री पद्मजा शर्मा ने 'कितना भी गिराओ, जिसे उठाना है उठा के रहेगा, इसलिए अगर गिरना और उठाना ही है तो धरती पर बीज की तरह गिरो और फसल की तरह उठो', राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के पूर्व अध्यक्ष एवं कवि रमेश बोराणा ने मौजूदा विसंगत व असामाजिक होते हालातों पर चिंता व्यक्त करते हुए कविता 'फिजाओं में गूंज रहा सन्नाटा, तूफान लाया ये सन्नाटा, सर्द हवाओं में भी तपन दे रहा सन्नाटा', गजलकार सैयद मुनव्वर अली ने नए साल में उम्मीदों पर आधारित गजल 'है दुआ है अबके खुद को ना दोहरा सके, नफरतों की कहानी नए साल में, अब के हर भूखे को रोटी मिले और प्यासे को पानी नए साल मे' प्रस्तुत कर खूब दाद बटोरी। गोष्ठी में रंग सृजनधर्मी प्रमोद वैष्णव ने झूठी-मनगढ़ंत कहानी गढ़ रहे राजनेताओं व लोगों पर तंज कसते हुए कविता 'कल्पनाशीलता चरम पर है, कहानीकारों की जरूरत नहीं है', बुजुर्ग शाइर रजा मोहम्मद खान ने वफा व दुआओं की अहमियत को रेखांकित करती गजल 'मुझे रख रही है जिंदा वफाएं किसी की, मुझे मिल रही है हरदम, दुआएं किसी की' तथा रंगकर्मी रमेश भाटी नामदेव ने सकारात्मक सोच पर केंद्रित कविता 'मंजिलें जहां छुपी थीं अंधेरों में घुप जो, वह रोशनी करके रस्ता दिखाने लगी हैं' सुनाकर उम्मीद की लौ जगाई।

## मांगों पर चर्चा की

**जालोर**, (नि.सं.)। राजस्थान सरकार के आगामी बजट को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट पूर्व कर्मचारी संगठनों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने अपने सुझाव रखे तथा कर्मचारियों से जुड़ी लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के जिला अध्यक्ष इंद्रसिंह राजपुरोहित ने बताया कि महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष केसर सिंह चम्पावत ने प्रजेंटेशन के माध्यम से राज्य कर्मचारियों की प्रमुख मांगें मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं।

चम्पावत ने प्रबोधकों की नियुक्ति से पूर्व की सेवा को गणना में जोड़ने, वरिष्ठ प्रबोधक के लिए पदोन्नित के चैनल खोलने, वेतन विसंगतियां दूर करने तथा प्रबोधकों के शहरी क्षेत्र में स्थानांतरण खोलने की मांग रखी।

### कार्यालय ग्राम पंचायत रामा पंचायत समिति आहोर

क्रमांक-130 दिनांक-14.01.2026

**निविदा सूचना 04**

ग्राम पचायत रामा के निम्नलिखित 01 कार्य हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमो के तहत राज्य सरकार के अधिकृत संगठनो में श्रेणी के संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबंद निविदाएं 14/01/2026 से 26/01/2026 को 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा संबधित अन्य शर्ते एवं विवरण पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN-ZJR2526WSOBO1150
NIB-ZJR252640719

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रामा

### कार्यालय नगर पालिका पीपाड़ शहर (जोधपुर) राज.

Tel.- (02930) 233036 e-mail:municipality.pipar@gmail.com

क्रमांक : न.पा.पी. / 2025-26 / 8743 दिनांक 07.01.2026

**-: आपत्ति सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय मे निम्न आवेदनकर्ताओ ने मॉडल राजस्थान नगर पालिका पीपाड़ शहर भवन विनियम 2020 के तहत भवन निर्माण अनुमति हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उज्र एतराज हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस मे अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेजो सहित पालिका मे कार्यालय समय के दौरान प्रस्तुत कर सकते है। बाद म्याद गुजरने पर उज्र एतराज पर कोई विचार नही किया जायेगा। सूचित रहे। आवेदित भूमि के नाप एंव पड़ौस निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | निर्माण स्थान | क्षेत्रफल वर्गमीटर | उतर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री कनवरसिंह डूडी पुत्र श्री सुखाराम डूडी जाति जाट निवासी ग्राम रतकुड़िया तह. पीपाड़ शहर | खसरा सं. 1134 / 1, 1134 / 2 व 1134 / 3 सिंधीपुरा | 104.55 | प्लॉट सं. 12 | प्लॉट सं. 14 | निकाल व रास्ता 30' फीट | प्लॉट नं. 18 |
| 2. | श्री सुभाषचंद सोनी पुत्र श्री ओमप्रकाश सोनी जाति सोनी निवासी मुंसिफ कोर्ट के पास, पीपाड़ शहर | खसरा सं. 2603 पीपाड़ शहर | 90.14 | प्लाट नं. 101 | निकाल व रास्ता 20' फीट | प्लॉट नं. 67 | प्लॉट नं. 69 |
| 3. | श्री शेषाराम पुत्र श्री लालूराम जाति माली निवासी पीपाड़ शहर | खसरा सं. 1162 / 1 पीपाड़ शहर | 162.63 | इसी खसरे की अन्य भूमि | पीपाड़ से साथीन जाने वाली सड़क | मेहराम पुत्र लालुराम | कोजाराम, ओमप्रकाश पुत्र हजारीराम का खरीदसुदा प्लॉट नं. 07 |
| 4. | श्रीमति सुमित्रा पत्नि श्री जीतू राम जाति जाट निवासी सेवर का बास रतकुड़िया | खसरा सं. 949 सिंधीपुरा | 99.90 | निकाल व रास्ता 20' फीट | शिवकाराम की कृषि भूमि | प्लॉट नं. 28 | प्लॉट नं. 26 |
| 5. | जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक श्री संघ, पीपाड़ शहर | राता उपासरा के सामने काला भाटा, पीपाड़ शहर | 184.06 | रास्ता | रास्ता | स्थानक | आम रास्ता |

राज.संवाद / सी / 25 / 17634 अधिशाषी अधिकारी

### OFFICE OF THE DY. CONSERVATOR OF FOREST, WILDLIFE, JAISALMER

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Bids for works and services as per below NIT Number under Wildlife Division Jaisalmer are invited from interested bidders 12.01.2026 to 26.01.2026 Other particulars of the bid may be visited the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in and https://sppp.rajasthan.gov.in of the State. on

| Tender ID | NIB Code | UBN No. |
|---|---|---|
| 2026_FORES 527742_1 | FOR2526A3477 | FOR2526WSOB04840 |
| 2026_FORES 527748_1 | FOR2526A3478 | FOR2526WSOB04841 |
| 2026_FORES 527083_1 | FOR2526A3422 | FOR2526GLOB04711 |
| 2026_FORES 527615_1 | FOR2526A3475 | FOR2526 SLOB04837 |

Dy. Conservator of Forest
Wildlife Jaisalmer

